प्रेस नोट–2026 / 08 दिनांक 20 मार्च 2026

प्रेस विज्ञप्ति

SIR में आईटी वॉलिटिसर्य करेंगे बीएलओ की मदद

– मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ली राज्य नोडल अधिकारियों की बैठक

–हर बूथ पर होगी तकनीकी रुप से दक्ष वॉलिटिसर्य की तैनाती

देहरादून। उत्तराखण्ड में आगामी अप्रैल माह में होने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ0 बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को सचिवालय में SIR के लिए तैनता नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने विस्तृत दिशा–निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि प्रदेश के सभी बूथ लेवल ऑफिर्स के साथ आईटी वॉलिंटियर्स की तैनाती की जा रही है। ये सभी वालिंटियर्स गणना प्रपत्र के डिजिटलाइजेशन में सहायता करेंगे, इसके साथ ही इनका गणना प्रपत्र बांटने और उसके संकलन में भी वालिंटियर्स सहायता करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अपर सचिव ग्राम्या विकास और निर्देशक शहरी विकास विभाग को निर्देश दिए इस सम्बंध में जल्द तकनीकी रुप से दक्ष युवाओं को इस अभियान में शामिल किया जाए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने गढ़वाल और कुमाऊ आयुक्तों को भी मैपिंग पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए।

बैठक में निदेशक शहरी विकास श्री विनोद गिरी गोस्वामी, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश चन्द्र, अपर सचिव सुश्री झरना कमठान, निदेशक महिला बाल विकास श्री बीएल राणा, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, निदेशक एसआईसी श्री मनीष जुगरान, अपर निदेशक आईटीडीए तीरथ पाल, उप निदेश सूचना श्री रवि बिजारनियां सहित गढवाल और कुमाऊ मंडल के अपर आयुक्त शामिल रहे।

****